रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:56 | शुक्रवार,31 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### रांची में तंबाकू प्रतिष्ठानों पर लगा ₹11,000 का जुर्माना

संवादाता

रांची : रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के टोबैको कंट्रोल सेल की टीम एवं लालपुर थाना के पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल द्वारा अभियान चलाया गया। इसमें लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान, सरकारी संस्थान, अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थानों पर कुछ लोग धूम्रपान करते हुए पाए गए। वहीं, 16 प्रतिष्ठानों में तंबाकू की बिक्री की जा रही थी। उनपर छापामार दस्ते के द्वारा दंड स्वरूप कुल 11000 रुपए का जुर्मानालगाया गया।

### प्रदेश भाजपा ने अपने चार नेताओं को पार्टी से निकाला

संवादाता

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र में प्रदेश भाजपा ने पूर्वी सिंहभूम जिला के चार पार्टी नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। घाटशिला उपचुनाव प्रचार में इन नेताओं का आचरण पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ पाया गया है। इसी कारण इन नेताओं को प्रदेश भाजपा ने पार्टी से निष्कासित किया है। निष्कासित नेताओं में पूर्वी सिंहभूम जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषारकांत और सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश महली शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

### रांची नगर निगम को जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

संवादाता

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को राजधानी रांची स्थित लालपुर, नगड़ाटोली स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में बने शौचालय की दुर्दशा मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची नगर निगम को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने नगर निगम से पूछा है कि उक्त स्कूल का शौचालय का दरवाजा टूट जाने के बाद उसकी मरम्मतक्यों नहीं की गई। स्कूल में बने नगर निगम का शौचालय इतना गंदा क्यों है? उसमें ताला क्यों जड़ा हुआ है। मामले में अगली सुनवाई छह नवंबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा। दरअसल, रांची से प्रकाशित एक समाचारपत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त स्कूल के शौचालय का दरवाजा पूरी तरह से टूटा हुआ है, ऐसे में स्कूल की बच्चियों को शौचालयजाने के लिए टूटे दरवाजे का इस्तेमाल करना पड़ता है। स्कूल परिसर में ही नगर निगम की ओर से भी तीन मॉड्यूलर टॉयलेट बनाए गए हैं लेकिन इसकी दो यूनिट में ताला जड़ा हुआ है और एक यूनिट का दरवाजा खुला है, लेकिन वहां इतनी गंदगी है कि पास जाते ही खड़ा रहना मुश्किल है।

## मुंबई के पवई इलाके में सनसनीखेज घटना

# ऑडिशन के नाम पर स्टूडियो बुला 17 बच्चों को बनाया बंधक, एनकाउंटर में ढेर

एजेंसी

मुंबई : मुंबई के पवई इलाके में गुरुवार को फिल्म ऑडिशन के बहाने 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बनाने वाले आरोपी रोहित आर्या को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। आरोपी को गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सभी बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोपहर करीब 1:45 बजे आर्या ने पवई स्थित रा स्टूडियो में 17 बच्चों, एक वरिष्ठ नागरिक और एक व्यक्ति को बंधक बना लिया। इस स्टूडियो में पिछले 4-5 दिनों से एक्टिंग क्लासेस और वेब सीरीज ऑडिशन चल रहे थे। रोहित आर्या, जो खुद को कास्टिंग डायरेक्टर बताता था, ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर 15 साल से कम उम्र के बच्चों को 'फिल्म में ब्रेक' का लालच दिया। दोपहर 1:45 बजे लंच टाइम पर उसने अचानक 80 बच्चों को वापस भेज दिया और बाकी 17 बच्चों, एक बुजुर्ग तथा एक अन्य व्यक्ति को अंदर बंद कर लिया। बंधक बच्चों ने खिड़कियों से बाहर मदद की गुहार लगाई, जिससे आसपास के लोग शोर मचाने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, एटीएस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और इलाके को चारों ओर से घेर लिया। आरोपी लगातार पुलिस को चेतावनी देता रहा और कहता रहा कि कार्रवाई की गई तो परिणाम गंभीर होंगे।

करीब एक घंटे की बातचीत विफल रहने के बाद पुलिस ने बाथरूम के रास्ते से अंदर घुसकर स्पेशल कमांडो ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की और बच्चों को मानव ढाल बनाने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी और पुलिस ने सभी बंधकों को सुरक्षित निकाल लिया। मौके से एक एयरगन और कुछ रासायनिक पदार्थ मिले हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर लग रहा था और उसने ऑडिशन के नाम पर सौ से अधिक बच्चों को बुलाया था।



### सरकार के पास बकाया थे आर्या के दो करोड़

जानकारी सामने आई है कि रोहित आर्या ने महाराष्ट्र में शिक्षा विभाग के 'मेरा स्कूल, सुंदर स्कूल' अभियान के तहत शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के लिए काम किया था। आर्या ने पूर्व में कहा था कि विभाग ने उसके काम के लिए 2 करोड़ रुपये मंजूर किए थे, लेकिन जनवरी 2024 से उसे भुगतान नहीं किया गया। इसे लेकर आर्या ने पिछले साल दो बार भूख हड़ताल भी की थी। आर्य ने दावा किया है कि उस दौरान शिक्षा मंत्री रहे दीपक केसरकर ने उसे व्यक्तिगत रूप से 7-8 लाख रुपये का चेक जारी किया था और बाद में बकाया पैसा देने काका वादा किया था। जो दावा आज तक पूरा नहीं हुआ।मैं रोहित आर्या हूं। सुसाइड करने के बजाय मैंने एक योजना बनाई है और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाकर रखा है। मेरी ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी बहुत ही साधारण मांगें हैं, नैतिक मांगें हैं और कुछ सवाल हैं। मैं कुछ लोगों से बात करनाचाहता हूं, उनसे सवाल पूछना चाहता हूं।

## बिहार के चुनावी जंग में एक-दूसरे पर तेज हुए जुबानी हमले

# बिहार का अपमान बर्दाश्त नहीं : पीएम



पटनाःगुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस-राजद पर जमकर हमला बोला। छपरा में उन्होंने कहा, नरेंद्र-नीतीश आपके सपने को पूरा करने में जुटे हैं। वहीं कांग्रेस-राजद वाले बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। यह हमारे लिए बर्दाश्त करने लायक नहीं। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस के नेता बिहारियों को गालियां देते हैं। तमिलनाडु में डीएमके नेता बिहारियों को प्रताड़ित करते हैं और इस बार के चुनाव में तो कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी है। जिन लोगों ने बिहार को गालियां दी, उन्हें कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के लिए बुलाया। ये सोची-समझी साजिश के तहत हो रहा है।इससे पहले मोदी ने मुजफ्फरपुर में भी कांग्रेस-राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जंगलराज से लेकर कांग्रेस-राजद के चुनावी प्रचार को लेकर हमला बोला। पीएम ने कहा, हमारी सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में शामिल कराने की कोशिश में है। एक ओर आपका बेटा छठी मइया की जयकार दुनिया में कराने में लगा है। दूसरी तरफ कांग्रेस-राजद छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। क्या कोई कभी भी वोट पाने के लिए छठी मइयाका अपमान कर सकता है क्या।प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले कभी दलितों को सम्मान नहीं दिलवा सकते हैं। ये बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों में रखते हैं। हमने डिजिटल पेमेंट के नाम पर एप का नाम भीम एप रखा है। सभी को सामाजिक न्याय मिले, सबको सम्मान मिले यही बीजेपी और एनडीए का मूल मंत्र है।

# नीतीश को कंट्रोल कर रहे मोदी : राहुल



पटनाःगुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नालंदा के नूरसराय में चुनावी जनसभा को संबोधित। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार कहते हैं कि 20 साल में बिहार को बदल दिया, लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या बिहार में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य मिल सकता है। यहां के युवाओं को अच्छी शिक्षा और लोगों को अच्छी चिकित्सा सेवा नहीं मिल रही है। बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं। दूसरी तरफ पीएम मोदी खड़े हैं। पीएम के हाथ में नीतीश का रिमोट है। मोदी नीतीश को कंट्रोल कर रहे हैं। नीतीश से जो करवाना है, पीएम करवा देंगे। बिहार को नीतीश नहीं चलाते हैं। सरकार अमित शाह-मोदी और नागपुर वाले (आरएसएस) चलाते हैं।राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं। जब आप दुबई और बेंगलुरु जैसा शहर बना सकते हो तो ये बिहार में क्यों नहीं कर पाते हो। एक समय होता था, जब नालंदा की यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में मशहूर थी। जापान, कोरिया, इंग्लैंड से लोग पढ़ाई करने आते थे। दुनिया की शिक्षा का सेंटर नालंदा था। आज बिहार की यूनिवर्सिटी के बारे में दूसरे लोगों से पूछिए। कहते हैं यहां सिर्फ पेपर लीक होता है। जिनकी सेटिंग है, उन्हें पेपर मिल जाता है। बिहार के बाकी युवा देखते रह जाते हैं।राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी ट्रंप से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकरऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है।

# आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे लोग वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 4 मरे



संवाददाता

रांचीःगुरुवार को रांची-टाटा नेशनल हाईवे-33 पर यात्रियों से भरा सवारी वाहन पलट गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 23 लोग घायल हो गए। घटना बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईंडीह के पास हुई। सभी लोग अड़की के बिरड़ीह गांव से बुंडू के ताऊ मैदान में आयोजित आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे। एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि हादसे में 23 यात्री जख्मी हुए हैं। इनमें से 15 को रिम्स रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सवारी वाहन टाटा से रांची की ओर आ रही एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान अचानक सवारी वाहन का अगला टायर ब्लास्ट हो गया। तेज गति में होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर बस को हल्की टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया।

### बुंडू में दर्दनाक हादसा

### रैली को किया गया स्थगित

## घाटशिला उपचुनाव से पहले पूर्वी सिंहभूम में भाजपा को झटका

# कई नेताओं ने थाम लिया झामुमो का दामन

संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्वी सिंहभूम जिले में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कई वरिष्ठ और प्रभावशाली नेताओं ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम लिया है। इन नेताओं ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो में शामिल होने वालों में जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्वी सिंहभूम भाजपा जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रो, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महली और जमशेदपुर के जंबू अखाड़ा अध्यक्ष बंटी सिंह प्रमुख हैं। इनके साथ कई स्थानीय कार्यकर्ता भी झामुमो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इनके अनुभव और सक्रियता से झामुमो संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार जनता के भरोसे और विकास की नीतियों पर कायम है, और नए साथियों के जुड़ने से यह प्रतिबद्धता और सशक्त होगी। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी तथा जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू भी उपस्थित रहे। भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में निष्ठा व्यक्त की। उधर, भाजपा ने इनमें से चार नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने का एलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है कि घाटशिला उपचुनाव प्रचार के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर पूर्वी सिंहभूम के चार नेताओं सौरभ चक्रवर्ती, पंकज सिन्हा, तुषारकांत और सुरेश महली को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।



## मुख्यमंत्री से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा व गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा के शिष्टमंडल ने की मुलाकात

### प्रकाश पर्व उत्सव में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



संवादाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड, रांची तथा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड, रांची के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 556 वां प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आगामी तीन नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर, कॉलोनी, रातू रोड की ओर से आयोजित होने वाले भव्य नगर- कीर्तन एवं पांच नवंबर को पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर, रांची में आयोजित होनेवाले प्रकाश पर्व उत्सव समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

**न्यूज स्टडी** | बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट सख्त

# अफसरों को फटकारा, पूछा- बिना लाइसेंस के कैसे चल रहे ब्लड बैंक?

एजेंसी

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने रांची और चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामलों पर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के अफसरों को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य तंत्र पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कहा कि ऐसी घटनाएं अत्यंत गंभीर हैं। राज्य सरकार ने इस तरह की घटनाएं रोकने के लिए अब तक ठोस कदम नहीं उठाए हैं। अदालत में सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और राज्य औषधि नियंत्रक व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने टिप्पणी की कि पूर्व में भी इस मामले पर निर्देश दिए गए थे, लेकिन रांची और चाईबासा में संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि सरकार ने पर्याप्त कार्रवाई नहीं की। अदालत ने सवाल उठाया कि न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीन अब तक अस्पतालों में क्यों नहीं लगाई गई है और झारखंड में बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक कैसे संचालित हो रहे हैं? कोर्ट ने यह भी पूछा कि कई ब्लड बैंकों के लाइसेंस दो वर्षों से लंबित क्यों हैं और पैसे लेकर ब्लड डोनेशन की प्रथा पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही है? खंडपीठ ने सरकार को शपथपत्र के माध्यम से राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंपों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही यह भी पूछा गया है कि राज्य में रक्त की कुल आवश्यकता कितनी है और उपलब्धता कितनी हो पाती है।अदालत ने झारखंड में नेशनल ब्लड पॉलिसी को प्रभावी बनाने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करने का भी आदेश दिया। राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार लगातार ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर रही है और सभी जिलों में न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीनें लगाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि एसओपी तैयार कर नेशनल ब्लड पॉलिसी को राज्य में अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान लाइफ सेवर रांची के अतुल गेरा और अधिवक्ता शुभम काटारुका ने भी अपना पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि रांची सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित एक बच्चे को संक्रमित रक्त चढ़ाए।




# मोकामा में जनसुराज प्रत्याशी के समर्थक पूर्व राजद नेता की गोली मारकर हत्य

एजेंसी

पटना : बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच पटना जिले के मोकामा टाल क्षेत्र से गुरुवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। जनसुराज प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के समर्थक और पूर्व आरजेडी नेता दुलारचंद यादव की फायरिंग में मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वे अपने समर्थकोंके साथ चुनावी प्रचार में निकले थे। हत्या का आरोप मोकामा सीट के जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह के समर्थकों पर लगा है। सूत्रों के अनुसार, मोकामा टाल के एक गांव में प्रचार के दौरान दो गुटों के बीच कहासुनी हुई जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों की ओर से गोलियां चलीं, जिसमें दुलारचंद यादव को सीने में गोली लग गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। दुलारचंद मोकामा टाल इलाके का एक जाना-पहचाना नाम थे। वे कभी आरजेडी के सक्रिय कार्यकर्ता और लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। 1990 के दशक में लालू यादव के शासनकाल के दौरान उनकी राजनीतिक पकड़ इस क्षेत्र में काफी मजबूत थी। पार्टी की मजबूती में उनका योगदान माना जाता है।



# रांची में कचरा प्रबंधन पर जोर के साथ नागरिकों से सहयोग की अपील, अब करना होगा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग

**रांची, संवाददाता ।**

स्वच्छ रांची अभियान को गति देने के लिए नगर निगम ने गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण पर सख्ती बढ़ा दी है. निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों, अपार्टमेंटों और प्रतिष्ठानों में दो अलग-अलग डस्टबिन रखें, हरे रंग का डस्टबिन गीले (जैविक) कचरे के लिए और नीले रंग का सूखे (गैर-जैविक) कचरे के लिए. नगर निगम का कहना है कि कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण स्वच्छता अभियान की सफलता की पहली और सबसे जरूरी शर्त है. निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अब शहर में कचरे को मिलाकर फेंकने पर जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी. दो बार चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं करने पर संबंधित घर या प्रतिष्ठान से कचरा उठाने की सेवा भी अस्थायी रूप से बंद की जा सकती है. रांची नगर निगम का यह कदम न सिर्फ शहर को साफ रखने बल्कि कचरा प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में उठाया गया है.



**स्रोत पर पृथक्करण अनिवार्य**

निगम के अनुसार, अब हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने घर या कार्यालय में उत्पन्न गीले और सूखे कचरे को अलग करें. गीले कचरे में सब्जियों के छिलके, भोजन के अवशेष, बागवानी का कचरा और अन्य जैविक अपशिष्ट शामिल हैं जबकि सूखे कचरे में प्लास्टिक, कागज, धातु और कांच जैसे गैर-जैविक पदार्थ आते हैं. नगर निगम के कूड़ा संग्रहण वाहनों को भी इस तरह डिजाइन किया गया है कि उनमें गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग कम्पार्टमेंट (हरा और नीला) मौजूद हो. इस व्यवस्था से कचरा सीधे अलग-अलग ढंग से निपटान केंद्र तक पहुंच सकेगा.

**बड़े प्रतिष्ठानों पर कड़ी नजर**

निगम ने बाजारों, होटलों, अस्पतालों, अपार्टमेंटों और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करें. इन प्रतिष्ठानों के लिए अलग से निगरानी टीम तैनात की गई है जो कचरा प्रबंधन के नियमों के पालन की नियमित जांच करेगी. वही निगम का मानना है कि बड़े प्रतिष्ठान अगर उदाहरण पेश करेंगे तो आम लोग भी प्रेरित होंगे.

**तकनीकी सुधार और एमआरएफ केंद्र**

रांची नगर निगम शहर में आधुनिक मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र भी स्थापित कर रहा है. ये केंद्र स्वचालित मशीनों की मदद से गीले और सूखे कचरे को अलग करेंगे, जिससे न केवल सफाई कर्मियों का कार्यभार घटेगा बल्कि रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया भी अधिक कुशल और तेज होगी. इन केंद्रों से रांची की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को नई दिशा मिलने की उम्मीद है.

**नागरिकों की भागीदारी इसमें अहम**

उन्होंने आगे कहा कि निगम के वाहनों में भी गीले और सूखे कचरे के लिए अलग व्यवस्था की गई है. अब जरूरत है कि नागरिक इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाएं, अगर रांचीवासी सहयोग करें तो हम अपने शहर को न केवल स्वच्छ बल्कि सुंदर और गंदगी मुक्त बना सकते हैं. रांची नगर निगम का यह अभियान प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन की भावना से प्रेरित है. प्रशासन को उम्मीद है कि अगर शहरवासी इस पहल में जिम्मेदारी से भाग लेंगे, तो रांची जल्द ही देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल हो सकेगा.

# छात्र छात्राओं के हित मे तिथि जेईटी परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि आगे बढ़ाया जाए : बिपिन यादव

**रांची, संवाददाता ।**

अबुआ अधिकार मंच, झारखंड के पदाधिकारी विपिन कुमार यादव ने झारखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के नाम आज मांग पत्र सौप कर कहा है कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खएळ परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया में राज्य भर के छात्र-छात्राओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि फॉर्म भरते समय मैट्रिक से लेकर स्नातकोत्तर तक के डिग्री प्रमाणपत्र अपलोड करने की अनिवार्यता रखी गई है। जबकि राज्य के अधिकांश विश्वविद्यालयों से इतने कम समय में डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त कर पाना संभव नहीं है, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होने की स्थिति बन गई है।



विपिन यादव ने आगे कहा कि 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में दीपावली एवं छठ पूजा के कारण अवकाश रहा, जिसके चलते विश्वविद्यालयों में किसी प्रकार का प्रशासनिक या शैक्षणिक कार्य नहीं हो पाया। ऐसी स्थिति में छात्रों के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर फॉर्म पूर्ण करना अत्यंत कठिन है। श्री यादव ने अबुआ अधिकार मंच की ओर से झारखंड लोक सेवा आयोग से खएळ परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि कम-से-कम 15 दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की गई है, ताकि सभी विद्यार्थी आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। अबुआ अधिकार मंच, झारखंड ने आयोग से इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है, जिससे हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिल सके। बिपिन कुमार यादव ने कहा के छात्र हित मे तिथि संसोधन नहीं क्या गया तो मंच आंदोलन के ओर अग्रसर होंगी।

# पूर्वी सिंहभूम में बीजेपी को बड़ा झटका, कई वरिष्ठ नेताओं ने थामा जेएमएम का दामन

**रांची, संवाददाता ।**

घाटशिला उपचुनाव से पहले पूर्वी सिंहभूम में भाजपा को बड़ा झटका लगा है. पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का दामन थाम लिया है. इन नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो की सदस्यता ग्रहण की है. झामुमो में शामिल होने वालों में जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्वी सिंहभूम भाजपा जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रों, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महाली और जमशेदपुर के जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह प्रमुख हैं. इनके अलावा कई स्थानीय कार्यकर्ता भी भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा है. इस मौके पर मुख्यमंत्री



ने सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और जनसंपर्क झामुमो संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा. कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी और जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू भी मौजूद रहीं. नए सदस्यों ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीतियों और जनहित की प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं. पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि इन नेताओं के जुड़ने से संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी.

# 'ल्यूमिना 2025', सेंट जेवियर्स स्कूल में ज्ञान और उत्साह का संगम

**रांची, संवाददाता ।**

सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा (एसएक्सडी) के सभागार में आज 'ल्यूमिना 2025', इंटरस्कूल क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया. यह वार्षिक कार्यक्रम ज्ञान, प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ. कार्यक्रम का संचालन सेंट जेवियर्स क्विज क्लब के छात्र स्नेहिल कुमार गुप्ता, देव मुखर्जी, देबायन दास और मोहम्मद ने किया. जिनका इस प्रतियोगिता में रांची के 15 स्कूलों से कुल 30 टीमों ने भाग लिया. प्रत्येक स्कूल की दो टीमों ने भागीदारी कर प्रतियोगिता को अत्यंत रोचक बना दिया. क्विज को तीन चरणों प्रारंभिक, सेमीफाइनल और फाइनल में विभाजित किया गया. प्रारंभिक दौर में सभी 30 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की, जिनमें से शीर्ष 10 टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना गया और वहां से 6 सर्वश्रेष्ठ टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया. क्विज के क्विज मास्टर कॉग्निटो नेक्सस समूह से समीरन मंडल थे, जिनकी उत्कृष्ट



प्रस्तुति और रोचक प्रश्नों ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहित रखा. कार्यक्रम के प्रायोजक आकाश इंस्टीट्यूट, रांची के प्रतिनिधि सुधीर कुमार झा रहे.

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसकी अध्यक्षता रेव्ह. फादर सुधीर कुमार कुजूर, एसजे (सुपीरियर, एसएक्सडी), रेव्ह. फादर फुलदेव सोरेंग, एसजे (प्रिंसिपल, एसएक्सडी), फादर रवि भूषण जेस, एस.जे. (वाइस प्रिंसिपल, सीनियर सेक्शन), फादर कुलदीप लिंडा, एसजे (वाइस प्रिंसिपल, जूनियर सेक्शन) तथा छात्र प्रतिनिधियों और अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई. अपने स्वागत भाषण में फादर फुलदेव सोरेंग ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में साहस, आत्मविश्वास और बौद्धिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करती हैं. उन्होंने थॉमस अल्वा एडिसन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए यह संदेश दिया कि दृढ़ निश्चय, टीम भावना और सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. मुख्य अतिथि रेव्ह. फादर सुधीर कुमार कुजूर, एसजे ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि क्विज प्रतियोगिता केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह आलोचनात्मक सोच और समय प्रबंधन सिखाने का मंच है. विद्यार्थियों को सिर्फ जानकारी इकट्ठा करने के बजाय अपने आसपास की दुनिया पर सवाल उठाने चाहिए, क्योंकि यही सवाल उन्हें नए ज्ञान और खोज की ओर ले जाते हैं. कार्यक्रम का समन्वय फादर रवि भूषण जेस, एसजे (वाइस प्रिंसिपल) ने फादर फुलदेव सोरेंग, एसजे के मार्गदर्शन में किया.

**परिणाम**

**विजेता** – विद्या विकास पब्लिक स्कूल – सिद्धांत दुबे और पीयूष कुमार की टीम, 103 अंक

**प्रथम उपविजेता**– टेंडर हार्ट स्कूल, तुपुदाना – आदित्य राज और अगस्त्य कुमार गुप्ता की टीम, 55 अंक

**द्वितीय उपविजेता** – बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम, अश्विनीजीत सिंह और मोहम्मद माही हसन की टीम, 42 अंक

निर्णायक मंडल और अतिथियों ने प्रतिभागी टीमों की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं.

# झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू, दिसंबर या जनवरी में हो सकता है मतदान



**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड में अब नगर निकाय चुनाव जल्द होने वाले हैं. तीन साल से चुनाव टल रहे थे, लेकिन अब रास्ता साफ हो गया है. राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 14% आरक्षण की मंजूरी दे दी है. इससे चुनाव कराने में जो अड़चन थी, वह खत्म हो गई है. हाईकोर्ट ने चुनाव में देरी पर नाराजगी जताई है और 10 नवंबर को अगली सुनवाई रखी है. उम्मीद है कि उसी दिन चुनाव की तारीखें तय हो जाएंगी. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष जानकी यादव ने कहा है कि चुनाव दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच हो जाएंगे. इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अंतिम रूप दे रहा है. रांची, धनबाद, जमशेदपुर जैसे कई शहरों में वार्डवार मतदान केंद्रों की सूची भी जारी की जा चुकी है. राजनीतिक दलों ने भी तैयारी तेज कर दी है. झामुमो-कांग्रेस गठबंधन अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है. वहीं भाजपा और आजसू भी अपनी रणनीति बना रहे हैं.

# रांची में पकड़ा गया 25 क्विंटल प्रतिबंधित मांस, राज्य से बाहर ले जाने की थी तैयारी

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची के लोअर बाजार इलाके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है. एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में भरे प्रतिबंधित मांस को रांची पुलिस ने जब्त किया है. इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है. रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से 25 क्विंटल से ज्यादा प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है. रांची एसएसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस एकत्र किया गया है, जिसे एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में लोड कर राज्य से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है. सूचना पुख्ता होने पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें लोअर बाजार थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया.



**सूचना मिलते ही पुलिस ने फौरन की छापेमारी**

जांच के दौरान रांची के खेलगांव के पास एक ट्रक पकड़ा गया, जिसमें प्रतिबंधित मांस भरा हुआ था. मौके से दो लोगों को पकड़ा गया, पकड़े गए लोगों ने बताया कि प्रतिबंधित मांस रांची के लोअर बाजार से लाया जा रहा था. जिसके बाद पुलिस की टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार इलाके में अचानक छापेमारी की गई. तब मौके पर ही दो और लोगों को पकड़ा गया, जो प्रतिबंधित मांस को ट्रक पर लोड कर रहे थे. तलाशी के क्रम में वाहनों में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है.

**वेटनरी डॉक्टरों ने की जांच**

चार आरोपियों के पकड़े जाने और प्रतिबंधित मांस को जब्त करने के बाद पुलिस के द्वारा वेटनरी डॉक्टरों को जांच के लिए मौके पर बुलाया गया. जांच के दौरान डॉक्टरों द्वारा प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि पाई गई. जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित मांस को रांची में ही इकठ्ठा किया गया था. दोनों वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित मांस को राज्य से बाहर भेजा जाना था लेकिन उससे पहले ही पुलिस को ये जानकारी मिल गई. गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि प्रतिबंधित मांस को कोलकाता ले जाया जाना था. इस काम में दर्जन भर लोग शामिल हैं. अब तक इस मामले में चार लोग गिरफ्तार हुए हैं. वहीं मौके से दो फरार होने में कामयाब हो गए. पूरे नेटवर्क के खुलासे के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है.

# श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला में श्रद्धा और उल्लास से मना गोपाष्टमी



**रांची, संवाददाता ।**

पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला में गोपाष्टमी पर्व मनाया गया. मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे द्वारा गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई. यह कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ. पूजा के उपरांत गौमाता को विशेष भोग लगाया गया. श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप गायों एवं बछड़ों को गुड़, हरा चारा, दाना और अन्य सामग्री खिलाया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने गौमाता को फूल-मालाएं पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. पूजा-अर्चना के पश्चात श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया. मधुर भजनों से संपूर्ण परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा. इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण हुआ. इस अवसर पर दिव्यांग, निराश्रित और असहायजनों एवं सेवादारों को विभिन्न भोजन कराया गया. इस मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि गोपाष्टमी का पर्व हमें गौमाता की महिमा और संरक्षण के प्रति जागरूक करता है. भारतीय संस्कृति में गाय अन्नदाता है, गौसेवा और गौसंवर्धन से जीवन में समृद्धि, शांति और सुख की प्राप्ति होती है.

**थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव खून चढ़ाने का मामला**

# 'झासा' ने सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई का किया विरोध

**रांची, संवाददाता ।**

चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पश्चिम सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार मांझी और चाईबासा ब्लड बैंक के स्टाफ पर हुई कार्रवाई का झासा ने विरोध किया है. राज्य में सरकारी डॉक्टरों के सबसे बड़े संगठन 'झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेस एसोसिएशन' (झासा) के अध्यक्ष डॉ. विमलेश सिंह ने पश्चिम सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. सुशांत कुमार मांझी और वहां के ब्लड बैंक के कर्मियों के निलंबन की कार्रवाई को गलत करार देते हुए कहा कि बिना जांच के इस तरह की कार्रवाई ठीक नहीं है और झासा जल्द इस मुद्दे पर बैठक करेगा.

**जो साधन उपलब्ध कराए जाते हैं, उसी से की जाती है जांच**

झारखंड राज्य चिकित्सक सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. विमलेश सिंह ने कहा कि रक्तदाताओं से मिला रक्त जब संग्रहण के बाद ब्लड बैंक पहुंचता है तो उस ब्लड की मुख्य पांच तरह



की जांच की जाती है. इसमें से एक जांच, एचआईवी जांच भी है. डॉ. विमलेश सिंह कहते हैं कि राज्य के ज्यादातर ब्लड बैंकों में संग्रहित रक्त में एचआईवी की जांच किट या ELISA टेस्ट के माध्यम से की जाती है. अब किट जांच का विंडो पीरियड 90 दिनों का और ELISA टेस्ट का विंडो पीरियड 30 दिन का है. ऐसे में जब कोई ब्लड डोनर विंडो पीरियड वाले संक्रमित व्यक्ति के रक्त की जांच करेगा तो किट से उसका रिपोर्ट 90 दिन तक एचआईवी निगेटिव आएगा, उसी तरह एलिसा टेस्ट से 30 दिनों तक की जांच निगेटिव आएगी, ऐसे में डॉक्टर्स कैसे दोषी हो गए?

**क्यूमिलेशन और न्यूक्लिक एसिड टेस्ट जांच की व्यवस्था करे सरकार: झासा**

झासा के अध्यक्ष ने बताया कि चाईबासा जैसी घटना की संभावना आगे भी बनी रहेगी क्योंकि जो संसाधन हमें एचआईवी जांच के लिए मिलते हैं, उसमें किट में इन्फेक्शन के 90 दिन तक और ELISA में 30 दिनों तक रिपोर्ट निगेटिव आ सकती है, ऐसे में सिविल सर्जन और मेडिकल स्टाफ पर कार्रवाई और उसे बिना जांच के दोषी ठहराए जाने की जगह कम्युलेशन और एनएटी से जांच की व्यवस्था सुनिश्चित कराए, जिसका विंडो पीरियड 7 से 15 दिनों का है. अगर यह व्यवस्था होगी तो किसी भी व्यक्ति को संक्रमित ब्लड चढ़ाए जाने की संभावनाएं जरूर कम होगी.

**ब्लड बैंक में संग्रहित रक्त की होती है ये पांच जांच**

जब भी कोई रक्तदाता, खून डोनेट करता है तो उस रक्त को किसी जरूरतमंद मरीज को चढ़ाने से पहले उसकी पांच बीमारियों से संबंधित जांच कराई जाती है. ये पांच जांच है- एचआईवी संक्रमण के लिए टेस्ट, हेपेटाइटिस बी की जांच के लिए hbsag test, हेपेटाइटिस सी के लिए एचआईवी टेस्ट, मलेरिया टेस्ट और सिफलिस संक्रमण के लिए वीडीआरएल टेस्ट.

# रातू रोड फ्लाईओवर के नीचे गंदगी और मच्छर, निकासी व्यवस्था फेल

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए शहर में कई फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं. इनसे लोगों को उम्मीद थी कि सड़क पर जाम से मुक्ति मिलेगी और आवाजाही आसान होगी. लेकिन इन फ्लाईओवरों की अधूरी और लापरवाहीपूर्ण फिनिशिंग अब खुद शहर के लिए नई समस्या बनती जा रही है.सबसे बड़ा उदाहरण रातू रोड फ्लाईओवर है, जहां निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था अधूरी छोड़ दी गई है.

**पानी निकालने की व्यवस्था अधूरी, पिलरों के नीचे बन गए टैंक**

फ्लाईओवर के पिलरों में पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए



हैं, लेकिन इन पाइपों को सड़क किनारे की नालियों से नहीं जोड़ा गया है. इससे बारिश या सफाई के बाद फ्लाईओवर से गिरने वाला पानी नीचे पिलर के दोनों तरफ बने गड्ढों में जमा हो जाता है.इन गड्ढों की बनावट ऐसी है कि अब ये छोटे-छोटे टैंक बन गए हैं, जिनमें पानी हफ्तों तक भरा रहता है.

**गंदगी, मच्छर और बदबू से परेशान स्थानीय लोग**

जमा पानी अब गंदगी, मच्छर और बदबू की बड़ी समस्या बन गया है. आसपास के दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहा.स्थानीय निवासी, जो रातू रोड पर दुकान चलाते हैं, बताते हैं- फ्लाईओवर बनने से सोचा था कि ट्रैफिक से राहत मिलेगी, लेकिन अब नीचे गंदगी और मच्छरों का अड्डा बन गया है. बारिश के बाद यहां खड़ा होना मुश्किल हो जाता है.

**नगर निगम की लापरवाही और कचरे का ढेर**

लोगों का आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं. जिन टैंकों में पानी जमा है, वहीं पर पुराने बैरिकेडिंग और सफाई का कचरा डालकर छोड़ दिया जाता है. धीरे-धीरे यह जगह गंदे पानी, कचरे और मलबे से भर गई है.यह स्थिति न सिर्फ आस-पास की सुंदरता को बिगाड़ रही है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन गई है. मच्छरों के बढ़ने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है.

**स्थानीय लोगों ने की कार्रवाई की मांग**

रातू रोड और आसपास के इलाकों के लोगों ने नगर निगम और निर्माण एजेंसी से तुरंत कार्रवाई की मांग की है. उनका कहना है कि या तो इन टैंकों को भर दिया जाए या पाइपों को नालियों से जोड़ा जाए ताकि पानी का सही निकास हो सके.साथ ही, नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि यह क्षेत्र साफ-सुथरा बना रहे.

**जाम से राहत की जगह नई मुसीबत**

फ्लाईओवर का उद्देश्य रांची को जाम से राहत देना था, लेकिन रखरखाव की कमी से अब यह नए सिरदर्द का कारण बन रहा है. यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और बढ़ सकती है.



# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने चाईबासा सदर अस्पताल में की आकस्मिक जांच , मचा हड़कंप

## डॉ. इरफान अंसारी का बड़ा एक्शन झ्र एचआईवी लापरवाही मामले में तत्काल जांच और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

- जहाँ कभी पहचान की कमी थी, अब वहीं बनेंगे डॉक्टर — जामताड़ा का सपना हुआ साकार!
- जामताड़ा से उठी स्वास्थ्य क्रांति की लहर — अब झारखंड के हर जिले में पैदा होंगे डॉक्टर!
- जनता ने कहा — डॉ. इरफान अंसारी जो कहते हैं, करके दिखाते हैं!



संवाददाता । रांची

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के अचानक चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।स्वास्थ्य मंत्री ने लगभग तीन घंटे तक गहन जांच की और अस्पताल के सभी वार्डों, प्रयोगशालाओं एवं मरीजों की देखभाल व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

जांच के दौरान थैलेसीमिया मरीज की रिपोर्ट में एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की गंभीर लापरवाही सामने आई।मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया।

इस दौरान चाईबासा के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन और स्वास्थ्य विभाग के जांच विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में कुछ बच्चों को संक्रमित प्लाज्मा का ट्रांसफ्यूजन किया गया था।कुल 259 डोनर्स से रक्त लिया गया, जिनमें से 44 लोगों की जांच कराई गई।जांच में चार लोगों के एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है।मंत्री ने बताया कि यह मामला गंभीर है और जांच जारी है।रिपोर्ट आने तक किसी को भी अफवाह या राजनीतिक बयानबाजी से बचना चाहिए।डॉ. इरफान अंसारी ने कहा की यदि जांच में किसी की लापरवाही साबित होती है,तो मैं स्वयं उस परिवार की पूरी जिम्मेदारी लूंगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा की ह्लकोल्हान क्षेत्र से चार-चार पूर्व मुख्यमंत्री रहे,लेकिन किसी ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया।आज जब खामियां सामने आ रही हैं,तो उन्हें बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।मंत्री ने यह भी कहा की ह्लगलती हुई है, मैं स्वीकार करता हूं।मैंने तत्काल कार्रवाई की है,और आगे जांच रिपोर्ट के आधार पर और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की ह्लभाजपा इस गंभीर मामले को राजनीतिक रंग देकर अपनी रोटियां सेंक रही है।20 वर्षों तक उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजाक बना दिया था।आज स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है,और जनता यह महसूस कर रही है कि अब उनका इलाज बेहतर हो रहा है।अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा की ह्लमैं लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिन-रात काम कर रहा हूं।जनता से अनुरोध है कि मुझे सहयोग दें,और बेवजह की बयानबाजी से बचें।

## 6 नवंबर को झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मेलन नेतरहाट में



संवाददाता । रांची

रांची:वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव, भू राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बीरुवा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारत सरकार संगीत नाट्य अकादमी के सदस्य व फिल्म निर्देशक, संगीतकार नंदलाल नायक ,पदम श्री मधु मंसूरी हंसमुख, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर विशेष रूप से आमंत्रितलोहारदगाः झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के तत्वावधान में नेतरहाट में 6 नवंबर को झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मेलन एवं झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा अजीत तिग्गा की पुण्यतिथि पर सभा का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव, भू राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बीरुवा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारत सरकार संगीत नाट्य अकादमी के सदस्य व फिल्म निर्देशक, संगीतकार नंदलाल नायक ,पदम श्री मधु मंसूरी हंसमुख, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं. उक्त जानकारी दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की ने लोहरदगा में एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी दी. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां की गई है लगभग 3000 आंदोलनकारी पूरे प्रदेश से भाग लेंगे जिनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया जाएगा एवं पर्यटक स्थल की विशेषता से अवगत भी कराया जाएगा. महुआ टाड़,लातेहार ,बिशनपुर बनारी के 300 झारखंड आंदोलनकारी गण कार्यक्रम को सफल बनाने एवं स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं. लाल एवं हरे रंग की पगड़ी पहनाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया जाएगा. यहां रात्रि विश्राम की भी विशेष व्यवस्था की गई है.उन्होंने कहा कि अतिथियों एवं आंदोलनकारियों की प्रतिष्ठा में कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में अलग राज्य के आंदोलनकारियों की स्थिति सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से दयनीय है. आज आंदोलनकारी को भीख नहीं, खैरात नहीं, न्याय के साथ सम्मान तथा समाज में स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार चाहिए. उन्होंने राज्य सरकार के द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को नौकरियों में 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किए जाने के प्रति आभार व्यक्त किया. साथ ही मांग की गई कि क्षैतिज आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए.।

## शिक्षण सामग्रियों का किया गया वितरण



संवाददाता । रांची

आज दिनांक 30 10 2025 दिन गुरुवार को समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट कि ओर से पहाड़ी मंदिर के समक्ष स्थित सृजन हेल्प मंदबुद्धि एवं मुख बधिर विद्यालय में स्व विश्वनाथ केडिया की याद में स्कूल के स्पेशल बच्चों के लिए शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया।इस अवसर पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट कि ओर से स्पेशल बच्चों के बीच कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल रबर, कटर समेत कई शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर श्री अनिल कुमार तिवारी ट्रस्टी वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन एंड चेयर मैन मां वैष्णवी ट्रस्ट, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, युवा नाट्य संगीत एकेडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल व सृजन हेल्प कि संचालिका गुंजन गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।इस अवसर पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षण सामग्रियों को वितरित कर के कहा कि नौनिहाल तंगी की वजह से अपनी किस्मत नहीं लिख पाते हैं। हालांकि आसामान छूने का हौसला उनका भी होता है।

## हजरत मौलाना सैयद महमूद असद मदनी साहब का पुनः अध्यक्ष चुना जाना एक स्वागत योग्य एवं सराहनीय कदम है

# जमीयत उलेमा झारखंड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से हजरत को हार्दिक बधाई



संवाददाता । रांची

जमीयत उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल कय्यूम साहब कासमी, महासचिव श्री हज शाह उमैर साहब एवं कार्यकारिणी परिषद के सदस्य एवं पूर्व महासचिव मौलाना डॉ. मुहम्मद असगर मिस्बाही ने एक प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त बयान देते हुए कहा कि 29 अक्टूबर, 2025 को जमीयत उलेमा हिंद, दिल्ली के कार्यालय मदनी हॉल में आयोजित कार्यकारिणी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में, फिदाय-ए-मिल्लत हजरत मौलाना सैयद महमूद असद मदनी साहब के उत्तराधिकारी, कायदे-मिल्लत इस्लामिया का सर्वसम्मति से दूसरी बार जमीयत उलेमा हिंद का अध्यक्ष चुना जाना एक बहुत ही स्वागत योग्य एवं सराहनीय कदम है। निःसंदेह, राष्ट्रपति पद के लिए आवश्यक गुण, सिद्धियाँ और नेतृत्व कौशल सर्वोच्च व्यक्ति हजरत सद्र में पूर्ण रूप से विद्यमान हैं और वे इस कविता के मूर्त रूप हैं। ऊँची निगाहें, हृदयस्पर्शी शब्द और उज्ज्वल भविष्य। यही मीर कारवां का सफर है।झारखंड उलेमा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आगे कहा कि हजरत सद्र के पुनः निर्वाचित होने पर, अल्लाह उन्हें आशीर्वाद दे, हम, जमीयत उलेमा के सेवक, राज्य और जिलों के सभी पदाधिकारी और सदस्य, और जमीयत उलेमा से जुड़े लोग, आपको अपने दिल की गहराई से बधाई देते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि अल्लाह सर्वशक्तिमान इस्लामी राष्ट्र और हम जमीयत उलेमा के सेवकों की रक्षा करता रहे।

## विश्व हैलोविन दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता । रांची







रांची। आई-फा इंटरनेशनल, द्वारा विश्व हैलोविन दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर आयोजित हैलोविन फैशन परेड एवं मेकअप शो का आयोजन रंगारंग तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सुरैया को, दूसरा पुरस्कार सुदिक्षा को, तथा तीसरा पुरस्कार दिया जोशी और सुदीक्षा को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने हैलोविन थीम पर आधारित अनोखी वेशभूषा और मेकअप से दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का संचालन संस्था के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और कला के प्रति लगाव को बढ़ावा देती हैं।कार्यक्रम का समापन विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरण आई इंटरनेशनल के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में हुमायूं कबीर,अलमा हसन, आसेम, का साथ रहा तथा निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो, हुमायूं कबीर तथा सलमा हसन के द्वारा किया गया ।उपस्थित सभी ने बच्चों के उत्साह और कलात्मक प्रस्तुति की सराहना की।

## राजद की बड़ी कार्रवाई,प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई नेता 6 साल के लिए निष्कासित



संवाददाता । रांची

पटनाःराष्ट्रीय जनता दल ने अपने 10 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. पार्टी ने इन नेताओं को 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है. इनमें पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार के साथ ही पार्टी के दो प्रदेश महासचिव भी शामिल है।इन नेताओं को भी पार्टी से किया गया निष्कासितण्राष्ट्रीय जनता दल ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में डेहरी से विधायक फतेह बहादुर सिंह, पूर्व विधायक मोहम्मद गुलाम जिलानी वारसी,पूर्व विधायक मोहम्मद रियाजुल हक राजू को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. साथ ही सैयद नौसादुल नबी और पप्पू खां,वीरेंद्र कुमार शर्मा, प्रणव प्रकाश और राजीव रंजन उर्फ पिंकू के खिलाफ कार्यवाही की है।

# वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस 31 अक्टूबर को छह प्रबुद्धजन दिया जायेगा वैश्य रत्न की उपाधि

संवाददाता । रांची





झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस समारोह कल 31 अक्टूबर को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका सभागार ( डॉ. वी. पी. केशरी सभागार ) में आयोजित किया गया है. इस अवसर पर छह प्रबुद्धजन को झारखंड वैश्य रत्न से सम्मानित किया जाएगा. इसमें व्यवसायिक क्षेत्र से रामगढ़ के उद्यमी सह समाजसेवी कमल केड़िया, क्रीड़ा क्षेत्र से रांची पंडरा के गोल्फ खिलाड़ी सुरेंद्र प्रसाद साहु, रांची धुर्वा के बुद्धिजीवी सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता अशोक मंडल, चिकित्सा क्षेत्र से रांची के डॉ. अमित साहु, अरगोड़ा की डॉ. अनुश्री रैना एवं पत्रकारिता क्षेत्र से युवा पत्रकार चंदन चौधरी (रातू रोड, रांची) को वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा. इन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया जाएगा. जबकि इस कार्यक्रम में रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विजय राज, डॉ. संजय जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक रजत कुमार गुप्ता, झारखंड प्रदेश शौंडिक (सूढ़ी) समाज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार एवं नागपुरी कलाकार रमन गुप्ता आदि अतिथि के रूप में शामिल होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु करेंगे. इस समारोह में पूरे प्रदेश से 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे. समारोह की शुरूआत 11.30 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगी.

## ब्रीफ न्यूज

### बोकारो में नाबालिग से गैंगरेप, गांव की लड़की ने ही रची पूरी साजिश; 4 गिरफ्तार



संवाददाता ।

बोकारो : जिले के कसमार थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। घटना सोमवार की बताई जा रही है, जबकि मामला मंगलवार देर रात दर्ज हुआ।पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी मंगलवार शाम बराकला छठ घाट के पास से लापता हो गई थी। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि गांव की ही एक युवती ने फोन करके तीन युवकों को बुलाया और पीड़िता को उनकी बाइक पर भेज दिया।जांच में सामने आया कि आरोपी लड़की को सुनसान इलाके में ले गए और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसे गांव के पास छोड़ दिया गया। पीड़िता घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई, जिसके बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया।पुलिस ने तुरंत कसमार थाने में मामला दर्ज करते हुए ढडउरड एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम बनाई गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की उम्र 18 से 26 वर्ष के बीच है।फिलहाल पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उसे काउंसलिंग उपलब्ध कराई जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।पुलिस का बयान- ह्लनाबालिग की पहचान सुरक्षित रखी गई है। कानून के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।परिवार और गांव में आक्रोशघटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई और आरोपियों को कड़ी सजा की मांग की है।

### मुसलमानों से माफी मांगे मस्जिद और मदरसों का इतिहास पढ़े जयराम महतो जुनैद अनवर

संवाददाता ।



रांचीःजयराम महतों को इतिहास का ज्ञान नहीं है पहले वो मस्जिद मदरसों और ओलमा का इतिहास पढ़े उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय समिति सदस्य जुनैद अनवर ने जयराम महतो के उस विवादित बयान पर दिया जिसमें उन्होंने ने कहा कि मस्जिद जाने वाले सांसद में नहीं जा सकते

श्री अनवर ने कहा आज आजाद देश में जो बोलने का अधिकार मिला है उस अधिकार को आजादी के रूप में देने वाले मस्जिदों से निकले मौलाना ही थे जिन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी ये मैं नहीं कह रहा बल्के इतिहास कार अपने किताबों में लिखते है किसी भी विषय पर बोलने से पहले उसके बारे में अच्छे से अध्यन कर लेना चाहिए इतिहास कार सर जॉन ने अपने पुस्तक ह्य1857 का इतिहासह्ल में कहते हैं कि विद्रोह दबाने के नाम पर मुसलमानों को जड़ से उखाड़ दिया, दिल्ली में हर गली में लाशें पड़ीं, थी बच्चे-बुजुर्ग तक को नहीं छोड़ा जिसमें अधिकतर मौलाना थे अंग्रेज लेखक विलियम हंटर ने अपनी किताब ह्यद इंडियन मुसुलमन्सह्ल में लिखा है कि 1857 के बाद दमन इतना भयानक था कि दिल्ली से पेशावर तक हर पेड़ पर मुसलमानों, खासकर उलमा और मौलानाओं को फांसी दी गई, ताकि जिहाद की आग बुझे। ब्रिटिश ने विद्रोह को ह्यमुस्लिम साजिशह्ल करार देकर बदला लिया, हजारों बेगुनाहों का कत्लेआम हुवा और यह सब मस्जिद और मदरसों से निकले हुवे लोग थे आज भी कई ऐसे लोग है जो मस्जिद और मदरसों से निकल कर सांसद और विधायक है जुनैद अनवर ने कहा की जयराम भाजपा के तर्ज पर नफरत फैला कर राजनीतिक सीढ़िया चढ़ना चाहते है जो शर्मनाक है जयराम महतों का बयान उन स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है जो मदरसों और मस्जिदों से निकल कर स्वतंता के लिए फाँसी पर चढ़ गए अपने आस्था पर ठेस पहुंचाने वालों को झारखण्ड के मुसलमान जूतों के नोक पर रखते है जयराम महतों का हाल उस कहावत की तरह है जिसमें कहा गया ह्लअधजल गगरी छलकत जाए ह्ल उस विषय पर बात करते हैं जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है और जिस विषय कि जानकारी ना हो उस पर बहस छेड़ना मूर्खता है श्री अनवर ने कहा की जयराम महतो मुसलमानों के आस्था पर चोट किया है वो मुसलमानों से माफी मांगे वरना जिस सत्ता की वो खाब सजाए है वो खाब ही रह जाएगा।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पैतृक मैपिंग के लिए सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



संवाददाता ।

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाए जाने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गहन पुनरीक्षण के क्रम में मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज समर्पित करने पड़ें, इसके लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की 'पैतृक मैपिंग' का कार्य त्रुटिरहित ढंग से और तेजी से पूरा किया जाए। ?श्री के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं हेल्प डेस्क मैनेजर के साथ समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ?मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मैपिंग के कार्य को गति देने के उद्देश्य से सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्रों में सभी वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएँ। इन कैंपों में संबंधित मतदान केंद्रों के सभी बूथ लेवल ऑफिसर अनिवार्य रूप से शामिल हों। बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं को श्रेणीवार अधिकतम भौतिक रूप से मैप किया जाना सुनिश्चित करें।

# ग्रामीण शिक्षा, संस्कार और सशक्तिकरण की दिशा में एकल अभियान का सतत प्रयासं

रामगढ़, संवाददाता

**एकल अभियान संच भुरकुंडा का एकदिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न**



भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला में गुरुवार को एकल अभियान संच भुरकुंडा के तत्वावधान में एकदिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में एकल विद्यालय के 23 आचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संच प्रमुख शांति देवी ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भुरकुंडा संच समिति के सतीश मोहन मिश्रा, रामगढ़ अंचल गतिविधि प्रमुख अजीत कुमार महतो और विशेष रूप से पतरातू संच प्रमुख नागेश्वर महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी 23 विद्यालयों के आचार्यों को कॉपी, पेन और चॉक वितरित किए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि एकल अभियान ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन का उद्देश्य ऐसे सुदूर क्षेत्रों तक शिक्षा पहुंचाना है, जहां पारंपरिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध नहीं है। अजीत कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि एकल विद्यालय केवल बच्चों को शिक्षित नहीं करता, बल्कि उन्हें संस्कारवान और आत्मनिर्भर नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पांच प्रमुख शिक्षण आयामों पर कार्य किया जा रहा है। इसमें प्राथमिक शिक्षा के तहत 4 से 12 वर्ष के बच्चों को संस्कारयुक्त मूल शिक्षा प्रदान की जाती है। आरोग्य शिक्षण के तहत स्वस्थ रहने के उपायों और जीवनशैली की जानकारी दी जाती है। ग्राम विकास शिक्षा के तहत जैविक खेती और आत्मनिर्भरता के सूत्र सिखाए जाते हैं। जागरण शिक्षा के तहत ग्रामवासियों में सामाजिक चेतना और जागरूकता उत्पन्न की जाती है और पांचवा संस्कार शिक्षा के तहत गांव-गांव में सत्संग के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आओ जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है इसी भावना के साथ एकल विद्यालय भारत के दूरदराज और पिछड़े इलाकों में शिक्षा की लौ जला रहा है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और एकल अभियान के ध्येय वाक्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना के उद्घोष के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में आचार्या निशा कुमारी, प्रिया देवी, सीमा देवी, बिना कुमारी, ममता देवी, मालती देवी, सुनैना देवी, मंजू देवी, कविता देवी, ललिता देवी, नेहा कुमारी, मानमती देवी, आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, सुषमा देवी, सुरती देवी, प्रीति कुमारी, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, ललिता कुमारी, खुशबू कुमारी, पूनम कुमारी आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

## 31अक्टूबर को रामगढ़ मे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाया जाएगा, तैयारी पूरी

रामगढ़, संवाददाता



रामगढ़ जिला के कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है जयंती समारोह के उदघाटनकर्ता सुदेश कुमार महतो.पूर्व उप मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार, मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद गिरिडीह व विशिष्ट अतिथि के रूप मे रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी बगोदर विधायक नागेंद्र महतो मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो रामगढ़ के पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी एवं गोमिया के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे इसके अलावा पटेल छात्रावास के तमाम सदस्यों को आमंत्रित किया गया है साथ ही रामगढ़ जिला के कई पार्षद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य वार्ड पार्षद भी शामिल होंगे,पटेल छात्रावास निर्माण हेतू जमीन दाताओ का स्वागत समारोह किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सूश्री हेमली कुमारी द्वारा एक से बढ़कर एक क्षेत्रीय गीत एवं संगीत प्रस्तुत किया जाएगा तथा सहयोगी कलाकारों के द्वारा तथा संत फ्रांसिस स्कूल और डिवाइन ओंकार स्कूल के बच्चों बच्चियों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम किया जायगा।इस बैठक में छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश महतो,सचिव शीतल ओहदार प्रसाद,कोषाध्यक्ष अधिवक्ता टिकेंद्र कु महतो,निगरानी कमिटी के सदस्य धनेश्वर महतो कार्यकारिणी सदस्य मे ईश्वरनाथ महतो, भुनेश्वर महतो, मनोज मंडल, धनेश्वर चौधरी, देवधारी महतो, लालचंद महतो, नुनुलाल महतो, तेजपाल महतो, मुकेश कु महतो तथा सदस्य मे अधिवक्ता झलकदेव महतो, दयासागर महतो, बैजनाथ महतो, शिव नारायण महतो, महेंद्र कुमार, सुनील महतो, इत्यादि सदस्य उपस्थित हुए।

## मोंथा चक्रवात ने किसानों के सपनों पर फेरा पानी, खेत में लगे धान हो रहे खराब



रामगढ़, संवाददाता

चक्रवात 'मोंथा' ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। रामगढ़ जिला में लगातार बारिश और तेज हवाओं से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। अधपक्का खड़ी धान गिरने से फसल के सड़ने का डर है। किसान फसल बीमा योजना से मदद की उम्मीद कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 31 अक्टूबर तक राहत की संभावना जताई है, लेकिन किसानों की चिंता बरकरार है। वहीं जिन किसानों का धान पक्क गया था। वहां पानी भर जाने से फसल सड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष पहले ही अधिक वर्षा के कारण सब्जियां सहित अन्य फसलों में काफी नुकसान हुआ था। ऐसे में वे धान की फसल पर उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन चक्रवातीय बारिश ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। जिला में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य से अधिक क्षेत्र में धान की खेती हुई थी। लेकिन अब किसान नुकसान की आशंका से परेशान हैं। किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं और माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही हैं। इधर, मौसम विभाग की मानें तो 31 अक्टूबर को कुछ राहत मिल सकती है।

## स्वामी दयानंद निर्वाण दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा में श्रद्धा और प्रेरणा का संगमं

रामगढ़, संवाददाता



डीएवी पब्लिक स्कूल, सी०सी०एल०, रजरप्पा प्रोजेक्ट में आज स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस अत्यंत श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण तथा झारखंड प्रक्षेत्रझ्रडी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य के डॉ० एस के शर्मा के मार्ग दर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जिसमें शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्कृत शिक्षक रामेश्वर शर्मा ने स्वामी दयानंद जी के जीवन, उनके सुधारवादी विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि स्वामी जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर वैदिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी में प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें डीएवी आंदोलन की भूमिका और स्वामी जी के नेतृत्व को रेखांकित किया गया। भजन सत्र में श्री सत्यकाम आर्य और रजनीश पाठक के साथ विद्यार्थियों ने भी भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा विधिवत संपन्न हवन, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भाग लेकर शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की। पूरे आयोजन का संयोजन श्री रमेश्वर शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने अनुशासित और उत्साहपूर्ण ढंग से सभी गतिविधियों का संचालन किया। अंत में बच्चों की सक्रियता को देखकर प्राचार्य महोदय ने कहा कि यह आयोज केवल स्वामी दयानंद जी को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं बना, बल्कि डीएवी परिवार को उनके विचारों और जीवन मूल्यों के प्रति पुनः समर्पित करने की प्रेरणा भी प्रदान की।

## नवनिर्माणधीन पीवीयूएनएल के अधीनस्थ आर बी पी आर में कार्यरत मजदूर दुर्घटना में हुआ घायल



रामगढ़, संवाददाता

नव निमार्णाधीन पीवीयूएनएल के अधीनस्थ कंपनी आर बी पी आर में कार्यरत गढ़वा निवासी दिलखुश खान की कार्य के दौरान दुर्घटना हो जाने से वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि पीवीयूनएल के बॉयलर क्षेत्र के बॉटम सैलो में कार्य कर रहे गढ़वा निवासी दिलखुश खान काफी ऊंचाई में काम कर रहे थे। जहां ऐश कन्वेयर में वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आनन-फानन में घायल मजदूर को पीवीयूएनएल अस्पताल लाया गया जहां उसकी प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया। इस संदर्भ में आर बी पी आर के पदाधिकारियों ने बताया कि चोट मामूली है उसके पैर में चोट आई है। मगर वह खतरे से बिल्कुल बाहर है। चिंता की कोई बात नहीं है।

## बीएसएल के एमआरडी विभाग की नवाचारपूर्ण पहल से स्क्रैप प्रबंधन में सुधार

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट का मेटेरियल रिकवरी विभाग (एमआरडी) संयंत्र में संसाधनों के कुशल उपयोग और इस्पात उत्पादन हेतु स्क्रैप की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के मार्गदर्शन में आरंभ की गई पहल के तहत विभिन्न विभागों से स्क्रैप एकत्र कर उसका संगठित निपटान किया जा रहा है। इससे संयंत्र में स्वच्छता और हाउसकीपिंग के स्तर में सुधार हुआ है तथा स्टील मेल्टिंग शॉप्स को पर्याप्त स्क्रैप उपलब्ध हो रहा है। यह पहल रखरखाव कार्यों से उत्पन्न स्क्रैप के पुनः उपयोग को बढ़ावा देकर वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को साकार कर रही है। बीएसएल की यह कोशिश संचालन दक्षता और सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## भाजपा अपने अंतर्कलह और जनविरोधी नीतियों से खात्मे की ओर : संजीव सरदार

जमशेदपुर, संवाददाता



आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। जिसके तहत गुरुवार पोटका विधायक संजीव सरदार ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर जनता से संवाद करते हुए पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की एकता और जनता का विश्वास इस चुनाव में निर्णायक साबित होगा। भाजपा आज अपनी अंतर्कलह और जनविरोधी नीतियों के कारण खात्मे की कगार पर है। घाटशिला की जनता झूठे वादों में अब नहीं आने वाली। साथ ही उन्होंने कहा कि झामुमो का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार देना है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और झारखंड मुक्ति मोर्चा का संकल्प मिलकर हम घाटशिला को विकास, शिक्षा, रोजगार और सम्मान की नई राह पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्व. रामदास सोरेन ने हमेशा जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य शुरू किए थे, झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन उन्हीं अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन देते हुए कहा कि अबुआ सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा है। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग, ग्राम प्रधान और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर 2 करोड़ 91 लाख 21 हजार रूपए के मूल्य की सामग्री जब्त

**जमशेदपुर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए जिले में सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। निगरानी दलों द्वारा अंतरराज्यीय सीमाओं, चेकपोस्टों एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच एवं सतत कार्रवाई के तहत अब तक बड़ी मात्रा में नकदी, शराब, मादक पदार्थ एवं फ्रीबीज जब्त किए गए हैं। बताते चलें कि जिले में स्थापित फ्लाइंग स्क्वॉड टीम, स्थैतिक निगरानी दल, आबकारी व पुलिस विभाग एवं जिला स्तरीय व्यय निगरानी दल द्वारा संयुक्त रूप से सतत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि, धन या वस्तु वितरण की सूचना तुरंत सी-विजिल एप के माध्यम से दें। प्रशासन ऐसी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करेगा। नकद राशि - 42 लाख 71 हजार रुपए, शराब - 12837 लीटर (बाजार मूल्य 10 लाख 11 हजार रुपए ), ड्रग्स/मादक पदार्थ - 5 लाख 10 हजार रुपए, फ्रीबीज/अन्य सामग्री - 2 करोड़ 33 लाख 38 हजार रुपए, कुल जब्ती - 2 करोड़ 91 लाख 21 हजार रुपए

## तेनुघाट में डीबीसी प्रबंधन व हाईवा एसोसिएशन के बीच त्रिपक्षीय बैठक संपन्न

बोकारो, संवाददाता



अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा की अध्यक्षता में तेनुघाट एसडीओ कार्यालय में डीबीसी प्रबंधन, हाईवा एसोसिएशन और ट्रांसपोर्टर से जुड़ी त्रिपक्षीय वार्ता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वर्गीय जगरनाथ महतो के पुत्र राजू महतो, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह के प्रतिनिधि सन्तन सिंह, डीवीसी चंद्रपुरा और बोकारो थर्मल के डीजीएम सहित हाइव एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। हालांकि, नव-निविदा प्राप्त ट्रांसपोर्टर जेडीएमएस ट्रांसपोर्ट की अनुपस्थिति के कारण वार्ता निर्णायक नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अगली बैठक, जो 1 नवंबर को चंद्रपुरा के डायरेक्टर बंगला में सुबह 11 बजे होगी, उसमें ट्रांसपोर्टर की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इसकी जवाबदेही डीबीसी प्रबंधन को दी गई है। बताया गया कि बीटीपीएस और सीटीपीएस से छाई उठाव पिछले कई महीनों से बंद है, जिससे स्थानीय हाइव मालिकों और डीबीसी प्रबंधन के बीच विवाद बना हुआ है। बैठक में हाइव कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन ने सात सूत्री मांगें रखीं – जिनमें 75% स्थानीय गाड़ियों का संचालन, ओवरलोडिंग पर रोक, विस्थापित मजदूरों को रोजगार, उचित दर पर भुगतान और छाई लोडिंग में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता जैसी बातें शामिल हैं। मौके पर बोकारो थर्मल पुलिस निरीक्षक पिंकू कुमार यादव, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा, अंशु राय, अब्दुल जमील, मोहम्मद यूसुफ सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तेनुघाट में अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की विधिवत पूजा, महिलाओं ने मांगा सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद

बोकारो, संवाददाता



अक्षय नवमी के अवसर पर बुधवार को तेनुघाट क्षेत्र में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आंवला वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु महिलाओं ने पूजा के बाद वृक्ष के नीचे प्रसाद ग्रहण कर सुख, समृद्धि और संतान-सौभाग्य की कामना की। इस अवसर पर पुजारी राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि अक्षय नवमी को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सतयुग की शुरूआत हुई थी। कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए वृंदावन से मथुरा की यात्रा प्रारंभ की थी। आंवले के वृक्ष की पूजा भगवान विष्णु को समर्पित होती है, क्योंकि इसमें मां लक्ष्मी का वास माना गया है। इस मौके पर तेनुघाट पंचायत की पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, चंद्रलेखा कटरियार, अमला कटरियार, सुनीता सिन्हा, अंजली कटरियार, रीना सिन्हा, सुजाता प्रसाद, शालिनी सिन्हा, ममता कटरियार, विभा विश्वनाथन, सीता यादव, हेमा कटरियार, सुष्मिता कटरियार, अनुजा कटरियार, मुकुलिका कटरियार सहित कई महिलाओं ने अपने परिवार के साथ श्रद्धापूर्वक आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की।

## नहीं थम रही हैं नावाडीह थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं, सुरही में पांच लाख के जेवरात सहित नगदी की चोरी

घर में ताला बंद कर छठ में बिहार के गया गए हुए हैं दंपत्ति

बोकारो, संवाददाता



नावाडीह थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन नावाडीह प्रखंड के नीचे घाट हो या ऊपरघाट लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन अभी तक एक दो घटना को छोड़ अन्य एक भी चोरी कांड का उद्भेदन पुलिस द्वारा नहीं हो पाया है। सुरही निवासी गणेश साव अपने पूरे परिवार के साथ घर में तला बंद कर छठ पूजा में बिहार के गया गए हुए हैं। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके सुरही स्थित घर का ताला तोड़कर, अलमारी में रखे लगभग पांच लाख से अधिक मूल्य के सोने के जेवरात व नगद रुपये भी चोरी कर ले भागे। गणेश साव के दामाद,सुरही गाँव निवासी मनोज गुप्ता बुधवार की सुबह अपने ससुर के घर गया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है. उसने इस घटना की जानकारी सुरही मुखिया विश्वनाथ महतो को दी। सूचना पाकर मुखिया विश्वनाथ महतो,गणेश साह के घर पहुंच कर इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया । मुखिया विश्वनाथ महतो ने बताया कि छठ पूजा के पहले अर्घ्य के दिन दुलारचंद पंडित के यहां भी अज्ञात चोरों द्वारा जेवरात व नगदी की चोरी हुई है।

**पहले भी अज्ञात चोरों ने अनेक घरों व सरकारी संस्थानों को बनाया है निशाना**

मुखिया ने कहा कि नारायण महतो के घर से लगभग चार हजार रुपए नगद व 50 हजार के जेवरात, बालू रविदास के घर से चालीस हजार रुपए नगद व तीस हजार के जेवरात , निखत प्रवीण के घर से 45 हजार रुपए नगद व दस हजार के जेवरात, धनु रविदास के घर से 60 हजार रुपए नगद व 15 हजार के जेवरात, मध्य विधालय बखरी टोला सुरही से एलसीडी व तड़ीत चालक आदि चोरी की घटनाएँ हुई हैं। वहीं दुर्गा पूजा के विजयादशमी की रात, मेन रोड नावाडीह स्थित आकाश गंगा होटल, चिरूडीह के दुधीमाटी निवासी शिबू महतो, सुरेश महतो, जु नोडीह निवासी लखन महतो के घर भी चोरी हुई थी। साथ ही, इससे पूर्व भी चोरों ने दर्जनों घरों को अपना निशाना बनाया है लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा एक दो कांड को छोड़ अन्य कोई भी चोरी कांड का उद्भेदन नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई जा रही है।

## बीएसएल में दर्दनाक हादसा, ठेका मजदूर का हाथ कलाई से कटा, अपोलो रेफर

बोकारो, संवाददाता



बोकारो स्टील प्लांट में गुरुवार सुबह हुए एक गंभीर हादसे में ठेका मजदूर का दाहिना हाथ कलाई से पूरी तरह कट गया, जबकि बायां हाथ भी बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसा ब्लास्ट फर्नेस-04 क्षेत्र में हुआ, जब 45 वर्षीय कॉन्ट्रैक्ट वर्कर देवाशीष राय मडगन में मिट्टी डालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मशीन में फंस जाने से उनका दाहिना हाथ कट गया और बाएं हाथ की कई उंगलियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद सहकर्मी मजदूरों ने तुरंत उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें कोलकाता के अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया। देवाशीष राय एचएन रिफ्रैक्टरी वर्क्स में अनस्किल्ड वर्कर के रूप में कार्यरत थे और ठेका प्रणाली के तहत बीएसएल में कार्य कर रहे थे। हादसे के बाद मजदूरों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। श्रमिक संगठनों ने ठेका मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रबंधन से जवाबदेही तय करने की मांग की है। वहीं बीएसएल प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मजदूर की हालत नाजुक बताई जा रही है।

